विवि प्रशासन ने परीक्षा तिथि बढ़ाने से किया इंकार

छात्रों ने मुख्य परीक्षा नियंत्रक को घेरा

उत्तरांचल दीप ब्यूरो

नैनीताल। कुमाऊं विश्वविद्यालय की स्नातक व परास्नातक की द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि बढ़ाने और फार्म भरने से वंचित रह गए छात्रों को समय देने की मांग को लेकर छात्र नेताओं ने मुख्य परीक्षा नियंत्रक प्रो. संजय पंत का घेराव किया। छात्र नेताओं के दबाव बनाने के बाद भी विवि प्रशासन ने परीक्षा तिथि बढ़ाने से इंकार कर दिया।

नैनीताल में कुविवि के मुख्य परीक्षा नियंत्रक प्रो. पंत का घेराव करते छात्र। • उत्तरांचल दीप

प्रो. पंत के अनुसार जिन छात्रों ने फार्म भरने की अंतिम तिथि तक परीक्षा शुल्क और विलम्ब शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट बना लिया है वे कॉलेज को उपलब्ध कराए गए प्रारूप में भरकर जमा करें। जिन छात्रों ने परीक्षा शुल्क जमा कर दिया है लेकिन वे परीक्षा फार्म जमा नहीं कर सके हैं ऐसे छात्र कॉलेज में उपलब्ध प्रारूप को भरकर कॉलेज में जमा कराएं। जिन छात्रों ने न तो फार्म भरा है और न ही परीक्षा शुल्क जमा किया है वे छात्र कॉलेजों में उपलब्ध प्रारूप को भरके उसके साथ परीक्षा शुल्क व विलम्ब शुल्क के साथ जमा करें। कुविवि की स्नातक और परास्नातक के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं लेकिन कई छात्र-छात्राएं ऐसे हैं जो परीक्षा फार्म अभी तक नहीं भर पाए हैं। फार्म भरने से वंचित रह गए छात्रों को समय देने की मांग को लेकर छात्र परिषद अध्यक्ष पुष्कर सिंह नैनवाल के नेतृत्व में छात्र-छात्राएं मुख्य परीक्षा नियंत्रक को घेराव करने पहुंचे। छात्रों का कहना था कि नेटवर्क की समस्या के चलते दूर-दराज क्षेत्रों के बहुत से छात्र-छात्राएं फार्म नहीं भर पाए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ छात्रों का रिकॉर्ड विवि में नहीं है, जिसके चलते छात्रों को परेशानी हो रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि एमएससी की छात्राओं ने कहा कि 18 मई को होने वाली परीक्षा की तिथि को बदल कर 16 जून कर दिया गया है लेकिन बहुत से छात्र-छात्राएं ऐसे हैं जिनका 17 जून को नेट का पेपर होना है। उन्होंने मांग की है कि परीक्षा पहले करवाई जाए। इस दौरान छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक मेहरा, छात्र परिषद उपाध्यक्ष सुंदर आर्या, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पंकज भट्ट आदि मौजूद रहे। मुख्य परीक्षा नियंत्रक प्रो. संजय पंत ने बताया कि कुलपति प्रो. डीके नौडियाल के साथ हुई बैठक में परीक्षा विवि ने परीक्षा फार्म भरने से वंचित रहे छात्रों को राहत देने का फैसला लिया गया है। जिसके लिए विवि की ओर ऐसे छात्रों के लिए कॉलेजों को परीक्षा आवेदन पत्र का प्रारूप उपलब्ध कराए गए हैं साथ ही विवि की ओर से कॉलेजों को प्रवेश पत्र का प्रारूप दिया गया है जिससे छात्र परीक्षा दे सकेंगे।

पेट्रोलियम पदार्थों में मूल्यवृद्धि से भड़के कांग्रेसी

रुद्रपुर। पेट्रो पदार्थों के मूल्य में भारी वृद्धि के विरोध में राजीवनगर में कांग्रेसियों ने युवा कांग्रेसी नेता सुशील गाबा व गौतम घरामी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का पुतला दहन कर रोष व्यक्त किया। आक्रोशित युवाओं ने केंद्र सरकार मुर्दाबाद, जुमला जर्जर मुर्दाबाद, मूल्य वृद्धि वापस लो के नारे भी लगाए। इससे पूर्व हुई सभा को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेसी नेता सुशील गाबा ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी 'इलेक्शन गया घूमकर, महंगाई आई झूमकर' की तर्ज पर कर्नाटक चुनाव प्रक्रिया समाप्त होते ही पेट्रोल-डीजल के दाम का 'विकास' हो गया है। इस दौरान पार्षद मोनू निषाद, गौरव गांधी सोइलेन राय, खगोपति विशवास, अशोक मंडल, विमल घरामी, महादेव हाजरा, अजीत मजूमदार, संजय आईस, विकास विश्वास, जयदेव विश्वास, गौतम घरामी, कनाई पाल, संजीव पाल, विजय मंडल, हरीश जोशी, विकास बाठला, प्रहलाद विश्वास आदि थे।

मकान मालिकों पर किरायेदारों का सत्यापन न कराने पर पुलिस सख्त

उत्तरांचल दीप ब्यूरो

रुद्रपुर। मकान मालिकों द्वारा किरायेदारों का सत्यापन न कराने को लेकर पुलिस सख्त हो गई है और रम्पुरा पुलिस ने भदईपुरा में चैंकिग के दौरान 6मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुये कोर्ट के चालान काटे है। पुलिस की कार्रवाई से मकान मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है।

बता दें कि क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर रोक थाम के लिये पुलिस ने किरायेदारों का सत्यापन अभियान शुरु किया है। यह अभियान एसएसपी के दिशा निर्देशन में चल रहा। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को चौकी रम्पुरा के एएसआई शेर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने भदईपुरा में किरायेदार सत्यापन अभियान शुरु किया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने भदईपुरा में 6मकानों में बिना सत्यापन के किरायेदार रहते हुये पाये। कोतवाल कैलाश चन्द्र भट्ट ने बताया कि बिना पुलिस के सत्यापन कराये किरायेदार रखने वाले मकान मालिकों पर कार्रवाई अमल में लाई जा रही। पुलिस इसमें कोई कोताही नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि रम्पुरा पुलिस ने सत्यापन अभियान के दौरान भदईपुरा में मोहन स्वरुप पुत्र मोती राम,सत्येन्द्र पुत्र मुन्ना लाल,धरमवीर सिंह पुत्र तुलाराम,भोला नाथ पुत्र बीजन मंडल,मोहन लाल पुत्र भूरे लाल तथा बीना पांडये पत्नी वीरेन्द्र के खिलाफ कार्रवाई करते कोर्ट का चालान काटे है। कोतवाल ने बताया कि जो मकान मालिक बिना सत्यापन के किरायेदार रखेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उधर पुलिस की कार्रवाई से कालोनी में हड़कंप मचा हुआ है और पुलिस के सत्यापन अभियान के दौरान कई किरायेदार मकान खाली कर भाग गये।

सख्ती

- भदईपुरा में रम्पुरा पुलिस ने चैंकिग के दौरान 6 के खिलाफ कार्रवाई
- कोर्ट के काटे चालान

नैनीताल में अब टिकट लेकर ही होगी रिक्शा सवारी

नैनीताल। अब नैनीताल में रिक्शा चालक माल रोड में रिक्शा में सवारी बैठाने के लिए रिक्शा स्टैंडों से कटे टिकटों से ही सवारियां ले जायेंगे। नगर पालिका ने यह नई व्यवस्था लागू कर दी है। तल्लीताल व मल्लीताल में बने रिक्शा स्टैंडों में सवारियां लाइन लगाकर टिकट लेंगे। वहीं पर वह टिकट का मूल्य देंगे। इस व्यवस्था के तहत अब रिक्शा चालक सवारियों से मनमाना पैसा भी वसूल नहीं कर पायेंगे मालूम हो कि अब तक रिक्शा सवारी आधा टिकट से आधा नगद पैसा लेने के बाद होती थी लेकिन अब केवल टिकटों से ही सवारियां बैठाई जायेंगी। इस व्यवस्था को देखने के लिए पालिका की कर अधीक्षक अनुपमा भट्ट ने रिक्शा स्टैंडों का औचक निरीक्षण कर रिक्शा संचालकों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी रिक्शा चालक स्टैंड से ही सवारियां लेंगे। निरीक्षण में बिना टिकट सवारियां पाई गई तो रिक्शा जब्त कर लिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान पालिका कर्मी जफर अली व शिवराज नेगी भी उनके साथ थे।

स्कूलों से गायब तीन अध्यापिकाओं पर गिरी गाज

उत्तरांचल दीप ब्यूरो

नैनीताल। आयुक्त कुमाऊं मंडल के निर्देशों के क्रम में शिक्षा महकमे में प्रारम्भिक से लेकर माध्यमिक विद्यालयों में सघन औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय चिन्तीमझरा, सितारगंज, उधमसिंहनगर की सहायक अध्यापिका मंजू अग्रवाल, राजकीय उमावि लालनगरी, स्याल्दे, अल्मोड़ा की सहायक अध्यापिका रुचिका व राजकीय उमावि गढ़ीनेगी जसपुर उधमसिंहनगर की सहायक अध्यापिका कनिका अग्रवाल अनुपस्थित पाई गई।

अपर निदेशक प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा कुमाऊं मंडल डा. मुकुल कुमार सती ने बताया कि अनुपस्थिति शिक्षकों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी। मंडल के 269 स्कूलों में एक साथ 28 विभागीय अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। अपर निदेशक प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा कुमाऊं मंडल डॉ. मुकुल कुमार सती के निर्देशन में मंडल के विद्यालयों में विभागीय अधिकारियों द्वारा सघन औचक निरीक्षण किये गये। जिसमें से एक शिक्षक प्राथमिक एवं दो शिक्षक माध्यमिक शिक्षा के अनुपस्थिति पाये गये। अनुपस्थिति शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी। सती ने बताया कि शिक्षा सत्र में विभाग का यह दूसरा औचक निरीक्षण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाये जाने एवं पठन-पाठन के माहौल को बेहतर बनाये जाने के मकसद से स्कूलों में आगे भी औचक निरीक्षण जारी रहेंगे। उन्होंने आयुक्त कुमाऊं मण्डल द्वारा विद्यालयों में नियमित रूप से औचक निरीक्षण किये जाने के निर्देशों के तहत सभी विभागीय अधिकारियों को कड़ा पत्र जारी कर दिया है। डॉ. सती ने कहा प्राथमिक के 200 स्कूलों में औचक निरीक्षण किये गये जिनमें 60 शिक्षक नियमानुसार अवकाश में थे। जबकि निरीक्षण की तिथि को 1823 छात्र-छात्रायें अनुपस्थित पायी गयी। इसी प्रकार माध्यमिक के 69 विद्यालयों में औचक निरीक्षण किये गये। जिनमें से 121 शिक्षक नियमानुसार अवकाश में पाये गये जबकि निरीक्षण की तिथि को 3790 छात्र-छात्रायें अनुपस्थित पायी गयी। जबकि प्राथमिक के 23 तथा माध्यमिक के 13 शिक्षकों को विभागीय एवं शासकीय कार्य से भेजा गया था। सती ने कहा औचक निरीक्षण के दौरान प्राथमिक और माध्यमिक के 36 शिक्षक विद्यालयों से विभागीय एवं शासकीय कार्य के बहाने स्कूल में नही पाये गये ऐसे शिक्षकों की जांच की जायेगी। उन्होंने कहा महत्वपूर्ण कार्य को दृष्टिगत रखते शिक्षको को शासकीय कार्य से भेजा जाय लेकिन किसी भी प्रकार से शिक्षण कार्य प्रभावित नही हो, इसके लिये प्रधानाचार्य जिम्मेदार होगे।

सती ने कहा कि नये शिक्षा सत्र में पहला औचक निरीक्षण 290 स्कूलों में 23 अप्रैल को किया गया था जिसमें 11 शिक्षक अनुपस्थित पाये गये थे। जिनके विरुद्ध विभागीय कारवाई कर दी गयी है। उन्होंने कहा औचक निरीक्षणों में लगातार दो बार अनुपस्थित पाये गये शिक्षकों को निलम्बित किये जाने की कारवाई की जायेगी।

एक्शन

- आयुक्त के निर्देशों के बाद मंडल के 269 स्कूलों में एक साथ मारे गये छापे

सैनिक स्कूल रेड व अम्तुल स्कूल फाइनल में

नैनीताल। जिला क्रीड़ा संघ और जिमखाना क्लब के सहयोग से नैनीताल में खेली जा रही इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद सैनिक स्कूल रेड तथा अम्तुल स्कूल ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। डीएसए मैदान में खेले गए पहले सेमीफाइनल में सेंट जोजफ कालेज ने बल्लेबाजी कर 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 103 रन बनाए जिसमें हरेन्द्र ने 44 रनों का योगदान दिया। सैनिक स्कूल से प्रियांशु और रितिक ने दो-दो विकेट लिये। जवाब में सैनिक स्कूल ने 12 ओवर में तीन विकेट पर मैच जीत लिया। अमित ने 47 तथा मनीष ने 31 रन बनाए। सेंट जोजफ की ओर से युवराज और विनय ने एक-एक विकेट लिया। दूसरे सेमीफाईनल में बिशप शा स्कूल की ओर 14 ओवर में सभी विकेट खोकर 64 रन बनाए गए जिसमें विजय ने 22 रन बनाए। अम्तुल स्कूल की ओर से पारस ने चार विकेट लिये। जवाब में अम्तुल स्कूल ने आठ ओवर में चार विकेट पर जीत हासिल कर ली। पारस ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। विशप शा की ओर से राहुल दानू ने दो विकेट लिये। निर्णायक अंकित टम्टा, अजय चिलवाल, महेन्द्र रावत, दीपक भंडारी तथा मैच का आंखो देखा हाल धीरेन्द्र पांडे ने सुनाया।

पत्रकारिता में युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं : खंडूरी

उत्तरांचल दीप ब्यूरो

नैनीताल। कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग मेंएसएसपी जनमेजय खंडूरी एक प्रोफेसर की भूमिका मे नजर आए। बेहतर पत्रकारिता तथा अन्य क्षेत्रों में भविष्य बनाने के संबंध में उन्होंने दो घंटे तक चली क्लास में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

एसएसपी खंडूरी ने कहा कि तकनीक के विकास के चलते वर्तमान समय में पत्रकारिता के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में संघर्ष और रोमांच होने के साथ हर समय कुछ नया सिखाता है। पत्रकारिता के विधार्थियों से एसएसपी खंडूरी ने अपील की कि इस क्षेत्र में ईमानदारी के साथ काम करते हुए आगे बढ़े और समाज की भलाई के लिए निरंतर प्रयास करें। पत्रकारिता विभाग के एचओडी डॉ. गिरीश रंजन तिवारी ने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एसएसपी खंडूरी का आभार जताया। इस दौरान छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक मेहरा, छात्र परिषद अध्यक्ष पुष्कर नैनवाल आदि मौजूद थे।

सूचना

मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका वास्तव में कहीं खो गई है। जिसका प्रयोग अवैध है, प्ररेणा बोहरा पुत्री श्री दीवान सिंह बोहरा, कपूर भवन, तल्लीताल जिला– नैनीताल।

खुर्पाताल में ब्लाक प्रमुख ने मुख्य गेट का लोकार्पण किया

उत्तरांचल दीप ब्यूरो

नैनीताल। ब्लाक भीमताल के ग्राम पंचायत खुर्पाताल में ब्लाक प्रमुख गीता बिष्ट व जिला पंचायत सदस्य डॉ. हरीश बिष्ट ने मुख्य गेट का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मनमोहन कनवाल ने की।

इस दौरान आयोजित स्वागत कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख व जिला पंचायत सदस्य हरीश बिष्ट द्वारा माल्यार्पण किया गया। ब्लाक प्रमुख गीता बिष्ट ने ग्राम में आपदा से हुये नुकसान की भरपाई के लिये तीन लाख रुपये देने की घोषणा की। इस दौरान बजून के प्रधान गोविंद राणा, बीडीसी सदस्य गणेश बिष्ट, हरेन्द्र बिष्ट, रमेश, हेमंत बिष्ट आदि थे।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीताल
कारपोरेट आई.डी. सं.: U40109UR2001SGC025867 दूरभाष: 05942-235524

विद्युत बाधित सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीताल में विद्युत वितरण उपखण्ड, भवाली के अन्तर्गत 33/11 केवी उपसंस्थान महरागांव में आई0पी0डी0एस0 योजना के अन्तर्गत कशमीरी लाल कन्स्ट्रक्सन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 11 केवी केबिल व एल0टी0 लाईन बनाने का कार्य किया जा रहा है। अतः 33/11 केवी उपसंस्थान महरागांव में 11 केवी नैनीताल फीडर एवं 11 केवी मुक्तेश्वर में निम्न तालिका के अनुसार विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

दिनांक	उपसंस्थान/फीडर	प्रभावित क्षेत्र	समय
16.05.2018	33/11 केवी उपसंस्थान महरागांव का 11 केवी नैनीताल फीडर	दुग्ध डेयरी पैट्रोलपम्प क्षेत्र (250 केवीए ट्रांसफार्मर)	प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक (कुल 7:00 घण्टे)
17.05.2018	33/11 केवी उपसंस्थान महरागांव का 11 केवी मुक्तेश्वर फीडर	भौनियाधार, उजाला भवन क्षेत्र (100 केवीए, 100 केवीए, 250 केवीए ट्रांसफार्मर)	प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक (कुल 7:00 घण्टे)
18.05.2018	33/11 केवी उपसंस्थान महरागांव का 11 केवी मुक्तेश्वर फीडर	भौनियाधार, उजाला भवन क्षेत्र (100 केवीए, 100 केवीए, 250 केवीए ट्रांसफार्मर)	प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक (कुल 7:00 घण्टे)
19.05.2018	33/11 केवी उपसंस्थान महरागांव का 11 केवी मुक्तेश्वर फीडर	सरकारी हॉस्पिटल तल्ली बाजार क्षेत्र (63 केवीए ट्रांसफार्मर)	प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक (कुल 7:00 घण्टे)
20.05.2018	33/11 केवी उपसंस्थान महरागांव का 11 केवी मुक्तेश्वर फीडर	रामगढ़ चुंगी+दुगई स्टेट रामगढ़ रोड क्षेत्र (250 केवीए एवं 100 केवीए ट्रांसफार्मर)	प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक (कुल 7:00 घण्टे)
21.05.2018	33/11 केवी उपसंस्थान महरागांव का 11 केवी मुक्तेश्वर फीडर	रामगढ़ चुंगी+दुगई स्टेट रामगढ़ रोड क्षेत्र (250 केवीए एवं 100 केवीए ट्रांसफार्मर)	प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक (कुल 7:00 घण्टे)
22.05.2018	33/11 केवी उपसंस्थान महरागांव का 11 केवी मुक्तेश्वर फीडर	दुगई स्टेट क्षेत्र (250 केवीए एवं 100 केवीए ट्रांसफार्मर)	प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक (कुल 7:00 घण्टे)
23.05.2018	33/11 केवी उपसंस्थान महरागांव का 11 केवी नैनीताल फीडर	मल्लीताल एवं तल्ली बाजार, टंगट्यूडा क्षेत्र (250 केवीए ट्रांसफार्मर)	प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक (कुल 7:00 घण्टे)
24.05.2018	33/11 केवी उपसंस्थान महरागांव का 11 केवी नैनीताल फीडर	मल्लीताल एवं तल्ली बाजार, टंगट्यूडा क्षेत्र (250 केवीए ट्रांसफार्मर)	प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक (कुल 7:00 घण्टे)
25.05.2018	33/11 केवी उपसंस्थान महरागांव का 11 केवी नैनीताल फीडर	मल्लीताल एवं तल्ली बाजार, टंगट्यूडा क्षेत्र (250 केवीए ट्रांसफार्मर)	प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक (कुल 7:00 घण्टे)

अतः समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं से निवेदन है कि वह इस कार्य हेतु अपनी वैकल्पिक व्यवस्था बनायें रखें एवं विद्युत विभाग को सहयोग करने की कृपा करेंगे।

अधिशासी अभियन्ता

No. 258/EE (cm)/UPCL/A-2 Dated : 14.05.18

राष्ट्र हित में बिजली बचाये, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करे। (टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0: 18001804185/फैक्स: 0135–2760911 पर दें)

पूजा गोयल व जयदीप कौर ने जीता गोल्ड मेडल

उत्तरांचल दीप ब्यूरो

किच्छा। सूरजमल अग्रवाल कन्या महाविद्यालय की मेघावी छात्राओं ने कुमाऊं विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल करते हुये विद्यालय का नाम रोशन किया।

जयदीप कौर
पूजा गोयल

नगर के ग्राम किशनपुर स्थित सूरजमल अग्रवाल कन्या महाविद्यालय की कॉमर्स विभाग की छात्रा पूजा गोयल एवं इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग की छात्रा जयदीप कौर ने क्रमशः 77.68 एवं 79.12 प्रतिशत अंकों के साथ कुमायूं विश्वविधालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दोनों छात्राओं को कुमाऊं विश्वविधालय में आयोजित सम्मान समारोह में कुलपति द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं ने अपनी इस उपलब्धि व सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों को देते हुये गुरुजनों को प्रेरणास्रोत बताया तथा महाविद्यालय में दी जा रही उच्च स्तरीय शिक्षा की सराहना की। सूरजमल सांवर्थिया एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव एसएन शर्मा ने छात्राओं को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि ट्रस्ट द्वारा छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. केके जोशी एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों रमेश यादव, सुनीता सोनी, डॉ. बीसी जोशी, डॉ. अनुपमा मिश्रा, सुधीर तोमर, अर्शी खान ने छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

दीक्षांत समारोह में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोबाल को मानद उपाधि दी जायेगी

दीक्षांत समारोह में ड्रेस गाउन का किया जायेगा परित्याग : नौड़ियाल

उत्तरांचल दीप ब्यूरो

नैनीताल। कुमाऊं विश्वविद्यालय के 18 मई को हो रहे 14वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोबाल को मानद उपाधि दी जायेगी। इस समारोह के अध्यक्षता राज्यपाल केके पाल करेंगे। जबकि मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र रावत व उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत भी समारोह में मौजूद रहेंगे।

पत्रकारों से वार्ता करते कुलपति प्रो. नौड़ियाल। • उत्तरांचल दीप

कुलपति के अनुसार दीक्षांत समारोह में ब्रिटिश काल से चली आ रही ड्रेस गाउन का त्याग किया जा रहा है और भारतीय व कुमाऊंनी संस्कृति पर आधारित परिधान पहने जायेंगे साथ ही शोभा यात्रा के समय वेद ऋचाओं की ध्वनि गुंजायमान रहेगी। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीके नौडियाल डीएसबी परिसर में पत्रकारों से वार्ता में बताया कि दीक्षांत समारोह में स्नातकोत्तर 30 व स्नातक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं को पदक प्रदान किये जायेंगे जबकि 242 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी जायेगी। इसके अलावा दो डीएससी व एक को डीलिट की उपाधि दी जायेगी। कुलपति के अनुसार जीबी पंत संस्थान कुल्लू मनाली के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एसएस सामंत व आईटी के प्रो. ममता रानी को डीएससी व लखनऊ विवि में संस्कृति विभाग में उपाचार्य प्रो. रिचा मिश्रा को डी लिट की उपाधि दी जायेगी। समारोह में ब्रह्मोस के मुख्य कार्यपालक एसके मिश्रा भी पहुंच रहे हैं। उन्होंने पदक व उपाधि प्राप्त शोधार्थियों 16 व 17 मई को पंजीकरण कराने को कहा है तथा 17 मई सांयकाल को पदक प्राप्त छात्र-छात्राओं व शोधार्थियों की रिहर्सल होगी। पत्रकार वार्ता में परिसर निदेशक प्रो. एलएम जोशी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. डीएस बिष्ट, प्रो. ललित तिवारी व डा. सुचेतन साह आदि मौजूद थे।

पहल

- एकेडमिक शोभा यात्रा के समय वेद ऋचाओं की ध्वनि लगातार गुंजायमान रहेगी

NEWS / फटाफट

कान के बुंदे नहीं बनाए तो किशोरी ने दे दी जान

हल्द्वानी। परिवारजनों के कान के बुंदे न बनाने की बात से क्षुब्ध किशोरी ने विषपान कर लिया। जिसकी उपचार के दौरान एसटीएच में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार रामपुर निवासी 17 वर्षीय शमां पुत्री अली हसन ने बीते दिवस जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे नजदीकि चिकित्सालय ले गए। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे डॉ सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतका परिवारजनों से कान के बुंदे बनाने की मांग कर रही थी। लेकिन परिजनों ने इससे इनकार कर दिया था। जिससे क्षुब्ध होकर उसने विषपान कर लिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

बट सावित्री व्रत : महिलाओं ने किया देवताओं का आह्वान

हल्द्वानी। ब्लॉक के नजदीक कालिका कॉलोनी परिसर में स्थित शिव मंदिर में बट सावित्री व्रत के अवसर पर पंडित विजय उप्रेती के सानिध्य में पूरी कॉलोनी की महिलाओं द्वारा गणेश पूजा एवं व्रत पूजाकर समस्त देवी देवताओं का आह्वान किया गया। इसमें मुख्य रूप से महिलाओं ने डोर पूजा कर अपने अपने पति की लंबी उम्र एवं मंगलमय जीवन के लिए उपवास किया। माता सावित्री एवं सत्यवान की फोटो लगाकर वट वृक्ष की पूजा की। इसमें नाना प्रकार की पूजा सामग्री वस्त्र आभूषण एवं मेहंदी सुहाग पिटारी चढ़ाया वट वृक्ष की सात परिक्रमा कर कलावा वृक्ष में लपेटा गया। महिलाओं ने अपने कुमाऊनी परिधान में शकुनाखर गीत देवी गीत देवी देवताओं का भजनों से आह्वान किया। इसमें कार्यक्रम में प्रेमा पांडे शाति शाह, उषा जोशी सावित्री जोशी, पूजा जोशी और अन्य समस्त कॉलोनी में महिलाएं उपस्थित रहीं।

नैनीताल। यहां ठंडी सड़क स्थित मंगलवार को शनि जयन्ती के अवसर पर शनि मन्दिर में विभिन्न अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। ब्रह्म मुहूर्त में में शनिदेव को स्नान कराया गया। इसके बाद पुजारी महेश चन्द्र जोशी की अगुवाई में पंडितों ने गणेश पूजा, कलश सथापना, रक्षा विधान, हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। दोपहर में सुन्दरकांड का आयोजन किया गया। मुख्य पुजारी हेम जोशी ने बताया कि दोपहर बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इधर नयना देवी मंदिर में महिलाओं ने बट वक्ष की पूजा अर्जना की। पूजा पंडित लक्ष्मी नारायण लोहनी ने सम्पन्न कराई।

शनि देव के जन्मोत्सव पर संगीत संध्या आज

हल्द्वानी। श्री शनि देव महाराज के जन्मोत्सव पर आज शाम को रामलीला ग्राउंड में सी-2 इवेंट द्वारा संगीतमयी शनि संध्या का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बाहर के कलाकारों द्वारा झांकिया, भजन प्रस्तुत किये जायेंगे। इसके अलावा महाआरती, तीन हजार रसगुल्लो का महाभोग भी लगाया जायेगा व भण्डारे का प्रसाद वितरण किया जायेगा।

तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

किच्छा। तहसील दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी नरेश चंद दुर्गापाल ने फरियादियों की समस्यायें सुनते हुये संबंधित विभागीय अधिकारियों को जल्द कार्यवाही के निर्देश दिये। इस मौके पर उन्होंने अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि तहसील दिवस पर आने वाली फरियादों व शिकायतों पर कार्यवाही करते हुये प्राथमिकता से उसका समाधान किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निवारण व कार्यवाही न होने की दशा में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लायी जायेगी । इस मौके पर नगर के निकटवर्ती ग्राम बंडिया निवासी तुशार अग्रवाल ने ग्राम बंडिया में जल संस्थान द्वारा डाली जा रही पाइप लाइन में आनियमिततायें बरतने का आरोप लगाते हुये कहा कि विभाग द्वारा क्षेत्र में नयी डाली जा रही पाइप लाइन को सार्वजनिक गंदी नाली में ही डालकर नाली को अवरुद्ध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन का निर्माण कर रहे ठेकेदार द्वारा पेयजल पाइप लाइन को बिछाने में मानकों की अनदेखी की जा रही है। शिकायती पत्र में उन्होंने जिलाधिकारी से मौके का निरीक्षण कर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर दर्जनों फरियादियों ने अपनी समस्यायें दर्ज कराते हुये जल्द कार्यवाही की मांग की।

निकायों के सीमा विस्तार पर कोर्ट का आदेश स्वागत योग्य : पपनेजा

किच्छा। उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश सरकार के 13 निकायों के सीमा विस्तार परिसीमन को लेकर जारी किये गये आदेश को निरस्त किये जाने के फैसले का अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव भूपेन्द्र कुमार उर्फ बंटी पपनेजा ने स्वागत करते हुये न्यायालय का आभार जताया है। जारी ब्यान में युवा नेता पपनेजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार सत्ता के अंहकार में आकंठ डूबी हुई है और इसी अंहकार पर न्यायालय ने करारा तमाचा मारने का काम किया है । उन्होने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा मनमानी करते हुये ग्रामीण क्षेत्रों को निकायों में जोडकर सीमा विस्तार कर दिया जबकि कई ग्राम ऐसे हैं जो कि निकायों में शामिल होने का लगातार विरोध कर रहे हैं । उन्होने कहा कि जब निकाय क्षेत्र की जनता को ही सुविधायें उपलब्ध नहीं हो रही हैं तो ऐसी स्थिति में बिना सुविधाओं को बढाये ग्रामीण क्षेत्र को निकायों में शामिल किये जाने का कोई औचित्य नहीं बनता है । पपनेजा ने कहा कि सीमा विस्तार के आदेश को न्यायालय द्वारा रदद किया जाना प्रदेश की भाजपा सरकार के मुंह पर तमाचे के समान है और न्यायालय ने भाजपा सरकार के विरोध में आदेश देकर सरकार को जगाने का काम किया है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार की हिटलरशाही नितियों के विरोध में तमाम ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों ने सरकार के इस निर्णय को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी जिसमें ग्राम प्रधानों के तर्कों को सुनने के बाद राज्य सरकार के निर्णय पर रोक लगाते हुये न्यायालय ने जनता के हित में फैसला लेकर सराहनीय कार्य किया है और कांग्रेस पार्टी आम जनता व ग्राम प्रधानों के समर्थन में इस निर्णय के साथ खडी है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पिथौरागढ़
दूरभाष/फैक्स नं. - 05964-225115
E-mail - eepit2.pwd-uk.gov.in
पत्रांक - 1015/05ए०सी०
दिनांक : 10/05/2018

अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (ई-टेण्डरिंग)

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, पिथौरागढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से सिंगल-बिड-सिस्टम प्रणाली के अन्तर्गत आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा से संबंधित सभी सूचनायें https://uktenders.gov.in पर दिनांक 16.05.2018 से उपलब्ध होगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि (लाख रू० में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू० में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में)	निविदा की वैधता (दिनों में)	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	वर्ष 2018-19 में मार्गों के वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत देवलथल उड़ई मोटर मार्ग में नवीनीकरण का कार्य। (लंबाई 3.00 कि.मी.)	0.75	Rs. 2500.00 + GST	02	90	मार्ग निर्माण कार्य हेतु 'सी' एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत।

सू. एवं लो.सं.वि. पत्रांक 3971 दिनांक 14.05.2018